226

# FAROOQ HIGH SCHOOL FOR GIRLS

Std: IX — I Semester 2019 — Time: 2 hrs


Date: 10 / 10/ 2019 — Sub: Hindi — Marks:40

## गदयांश -12

प्रश्न .१ क) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :

ताश के पत्ते लाल हो गए।फिर सब काले हो गए।गले की सूत की डोरी टुकड़े-टुकड़े होकर जुड़ गई।लटटू अपने से नाच रहे थे।मैंने कहा-"अब हो चुका।अपना खेल बटोर लो,हम लोग भी अब जाएँगे।" श्रीमती ने धीरे-से उसे एक रुपया दे दिया।वह उछल उठा।मैंने कहा-"लड़के।" " छोटा जादूगर कहिए।यह मेरा नाम है।इसी से मेरी जीविकाहै।" मैं कुछ बोलना ही चाहता था कि श्रीमती ने कहा-"अच्छा तुम इस रुपये से क्या करोगे?"पहले भर पेट पकोड़ी खाऊँगा। फिर एक सूती कंबल लूँगा।" मेरा क्रोध अब लौट आया।मैं अपने पर बहुत क्रुद्ध होकर सोचने लगा-'ओह!मैं कितना स्वार्थी हूँ।उसके एक रुपये पाने पर मैं ईर्ष्या करने लगा था।' वह नमस्कार करके चला गया।

१-(अ)आकृति पूर्ण कीजिए। (२)




२-अ)परिच्छेद में आए कोई दो विराम चिहनों के नाम लिखिए। (१)

आ)लिंग बदलिए। (१)

१-श्रीमती - ______ २-जादूगर - ______

३-'जादू के खेल 'विषय पर अपने विचार लिखिए। (२)


प्रश्न .१ ख) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :

मैं अच्छी तरह जानता हूँ,तुम डॉक्टर और दुबले आदमियों के साथ मिलकर मेरे विरुद्ध षड्यंत्र कर रहे हो। विश्वासघाती ! मैं तुमसे बोलूँगा ही नहीं। व्यक्ति को हमेशा उपकारी वृत्ति रखनी चाहिए।मेरा मन मुँह मोड़कर सिसकने लगा।मुझे लेने के देने पड़ गए।मैं भी निराश होकर आत स्वर में भोजन गाने लगा-'जा दिन मन पंछी उड़ी जैहैं ।मेरी आवाज़ से दीवार पर टंगे कैलेंडर डोलने लगे,किताबों से लदी टेबल काँपने लगी।चाय के प्याले में पड़ा चम्मच घुँघरू जैसा बोलने लगा पर मेरा मन ना माना भिनका तक नहीं।भजन विफल होता देख मैंने दादरे का सुर लगाया।' मानवाँ मानत नाहीं हमार रे।' दादरा सुनकर मेरे मन ने आँसू पोंछ लिए,मगर बोला नहीं।

Scanned by CamScanner

(१)

ख)१-अ)आकृति पूर्ण कीजिए।




आ)उचित पर्याय चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (१)

१- मेरी आवाज़ से दीवार पर टंगे कैलेंडर --------------------------

१-हिलने लगे।  २-डोलने लगे।  ३-नाचने लगे ।

२-अ)पर्याय वाची शब्द लिखिए। (१)

१-असफल - ☐  २-पुस्तक- ☐

आ)परिच्छेद में प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द लिखिए। (१)


३-'मान जा मेरे मन 'निबंध का आशय अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। (२)

## पदयांश -१०

प्रश्न २- (च) निम्नलिखित पदयांश को ध्यान से पढ़कर कृति कीजिए।

किताबें
करती हैं बातें
बीतें ज़मानों की
आज की ,कल की
एक-एक पल की
ख़ुशियों की,ग़मों की
फूलों की ,बमों की
जीत की , हार की
प्यार की , मार की ।
क्या तुम नहीं सुनोगे

१-संजाल पूर्ण कीजिए। (२)




२-शब्द-युग्म लिखिए। (१)

३-'पुस्तक हमारी मित्र 'इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (२)

Scanned by CamScanner

प्रश्न २- (च) निम्नलिखित पदयांश को ध्यान से पढ़कर कृति कीजिए।

| | |
|---|---|
| सरल राह तो कोई भी चले,<br>दिखाओ पर्वत को करके पार ।<br>आएगी हौसलों में ऐसी ताक़त,<br>सहोगे तक़दीर का हर प्रहार ।।<br>ज़िंदगी की बड़ी ज़रूरत है हार....! | उजालों की आस तो जायज़ है,<br>अंधेरो को अपनाओ तो एक बार ।<br>बिन पानी के बंजर ज़मीन पे,<br>बरसाओ मेहनत की बुंदो की फुहार ।।<br>ज़िंदगी की बड़ी ज़रूरत है हार. |

१-सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए। (२)

(क)कवि ने इसे पार करने के लिए कहा है--------------- (नदी / पर्वत / सागर )

(ख)कवि ने इसे अपनाने के लिए कहा है---------------- (अँधेरा / उजाला / सवेरा )

२- लय संगीत निर्माण करने वाली दो शब्द जोड़ियाँ लिखिए। (१)

३-'ज़िंदगी की बड़ी ज़रूरत है हार 'इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (२)

## (व्याकरण)

१-मानक वर्तनी के अनुसार शब्द शुध्द कीजिए। (१)

१-जींदगी - ------------ २-भाशा- -------------

२-निम्नलिखित अव्यय का अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए। (कोई एक ) (१)

१-धीरे-धीरे २-वाह

३- अ)काल पहचानो। १-किताबें कुछ कहना चाहती है। (१)

४-निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। ( कोई एक ) (१)

१- दंग रहना २-कन्नी काटना

Scanned by CamScanner

५-कृति पूर्ण कीजिए। (२)

| संधि शब्द | संधि विच्छेद | संधि भेद |
|---|---|---|
| पुस्तकालय | --------------- | ------------- |
| ------------ | सम्+मान | ------------- |

प्रश्न ४- अ) (१)निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। (४)

ओंकर / अनिता भापटे , २७ , लताकुंज , सदाशिव पेठ , पुणे से व्यवस्थापक नवयुग स्पोटर्स कोल्हापुर की खेल सामग्री माँगते हुए पत्र लिखती है।

| सामग्री | बेट | पेड़ | गलास | बेल्स | हेल्मट |
|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | ३ | ८ | ४ | ४ | २ |

आ)निम्नलिखित जानकारी के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए। (४)

एक दंत मँजन का विज्ञापन तैयार कीजिए।

- दाँत मज़बूत होते है
- दाँतो का पिलापन हटाता है
- मुँह की दुर्गन्ध दूर करता है
- हिलाना रोकता है

इ)किसी एक विषय पर लगभग ७० से ८० शब्दों में निबंध लिखिए। (४)

१-हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी

२-फटी पुस्तक की आत्मकथा

---

Scanned by CamScanner